# सूचना

आज दिनांक 06.08.2026 को जनपद अयोध्या के विकासखण्ड– रूदौली के मुजफ्फरपुर जलालपुर पेयजल योजना अन्तर्गत मुजफ्फरपुर ग्राम पंचायत में पेयजल के सम्बन्ध में जन जागरूकता कार्यक्रम एवं जल सारथी ऐप के प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम किया जा रहा था। उक्त कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 श्री इन्द्रभूषण वर्मा एवं उनकी टीम तथा जल निगम (ग्रामीण) के जूनियर इंजीनियर श्री अजय कुमार, कार्यदायी एजेंसी यूनिवर्सल एमईपी के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं साइट इंजीनियर एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रातः 10:40 बजे कार्यक्रम के दौरान पास में ही विद्युत विभाग की हाई टेंशन लाइन पर एक पेड़ गिर जाने से विद्युत लाइन टूटकर नीचे जमीन पर गिर गई जिसके वजह से विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गया जिससे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0 श्री इंद्रभूषण वर्मा एवं कार्यदायी एजेन्सी यूनिवर्सल एमईपी के ड्राइवर श्री दिलेराम को उक्त विद्युत पोल के गिरने से सिर में गंभीर चोट आई। जिसके उपरान्त तत्काल दोनों लोगों को बेहोसी के हालत में पास में स्थित रूदौली सी0एच0सी0 पर उपचार हेतु ले जाया गया जहां पर उपस्थित डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त लखनऊ रेफर कर दिया गया। श्री इन्द्रभूषण वर्मा के परिवार के सदस्यों से वार्ता करने पर मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ उनके परिवार के सदस्यों के साथ लाया गया जहां पर मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया तथा एजेंसी के ड्राइवर श्री दिलेराम को के0जी0एम0यू0 लखनऊ में उपचार हेतु भेजा गया है जहां पर डॉक्टर्स की निगरानी में उपचार किया जा रहा है एवं स्वास्थ सामान्य स्थिति में है।

06/08/2026

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
अयोध्या

7/2026-C- doc.aky8-9